दिनांक 08.10.2025 "स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई"

# आयुक्त ने फल मण्डी फटाका दुकान का स्थल परिवर्तन करने के दिए निर्देश

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन 03 मदर टेरेसा नगर अंतर्गत टाटा लाईन फटाका दुकान, वेडिंग जोन सहित सेक्टर 02 तालाब का आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा निरीक्षण किया गया। निगम आयुक्त ने वार्ड क्रं. 36 फल मण्डी के सामने जी.ई.रोड पर अस्थायी फटाका दुकान लगाए जाने वाले स्थल का निरीक्षण किया गया। दुकान का स्थल परिवर्तित करते हुए तीनदर्शन मंदिर या पावर हाउस लाल मैदान में अस्थायी फटाका दुकान लगाए जाने हेतु सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन को निर्देशित किए है। वार्ड क्रं. 37 में नया वेडिंग जोन बनाया जाना प्रस्तावित है, जिसका आयुक्त द्वारा स्थल अवलोकन किया गया। उक्त स्थल को परिवर्तित करते हुए पावर हाउस मार्केट के पीछे वेडिंग जोन बनाने के संबंध में चर्चा की गई। आगामी छठ पर्व को ध्यान में रखते हुए सेक्टर 02 छठ तालाब का निरीक्षण किया गया। तालाब की घॉस कटिंग एवं साफ–सफाई कार्य जारी है। आवश्यक व्यवस्था करने एवं प्रकाश व्यवस्था का तत्काल संधारण किये जाने निर्देशित किया गया है। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, उप अभियंता शंकर सुमन मरकाम, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे, स्वच्छता निरीक्षक चुड़ामणी यादव, सुपरवाइजर श्याम ठाकुर उपस्थित रहे।

